Form No.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, मुकाम श्रीडूंगरगढ (कैम्प कोर्ट गुंसाईसर बडा) भगनवानदास पुत्र हेमदास जाति बैरागी (स्वामी) निवासी गुंसाईसर तहसील श्रीडूंगरगढ जिला बीकानेर **बनाम** स्टेट ऑफ राजस्थान जरिये तहसीलदार श्रीडूंगरगढ

राजस्व प्रार्थना पत्र मुकदमा नम्बर५३६/2021

U/S 136 LRA

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशयल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए
21.10.2021	आज यह प्रार्थना पत्र भगवानदास ने जरिये राजाराम नैण अधिवक्ता मार्फत कैम्प कोर्ट गुंसाईसर बडा पेश किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण से जवबा तलब किया गया। अप्रार्थीगण की ओर से पैरोकारराज ने जवाब पेश किया। पैरोकारराज ने अपने जवाब में निवेदन किया कि खसरा नम्बर 1517/377 तादादी 2.79 है. रोही गुंसाईसर में दर्ज भगवानाराम पुत्र हेमदास जाति बैरागी के नाम बाबत मजमे आम में जांच की गई। वादी के पहचान पत्रों में भगवानदास नाम है। भगवानाराम एवं भगवानदास दोनो एक ही व्यक्ति के नाम होने की जाच में ताईद की गई। वादी के पक्ष में उपहार पत्र भी किया हुआ है जिसमे भगवानदास नाम अंकित है सेवन से भगवानाराम दर्ज हो गया। अतः उक्त खसरा नम्बर में वादी का नाम भगवानाराम की बजाय भगवानदास पुत्र हेमदास जाति बैरागी दर्ज किया जाना उचित होगा। स्टेट का प्रार्थी प्रार्थना पत्र स्वीकार करने में कोई आपति नहीं होने एवं प्रार्थी प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है। **<u>आदेश</u>** खेत खसरा नम्बर 1517/377 तादादी 2.7900 हैक्टेयर रोही गुंसाईसर तहसील श्रीडूंगरगढ जिला बीकानेर में प्रार्थी का नाम भगवानाराम पुत्र हेमदास जाति बैरागी के स्थान पर रजिस्टर्ड उपहार पत्र के अनुसार भगवानदास पुत्र हेमदास जाति बैरागी (स्वामी) शुद्ध किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार श्रीडूंगरगढ तद्नुसार पालना सुनिश्चित करें। निर्णय आज दिनांक 21.10.2021 को कैम्प कोर्ट गुंसाईसर बडा में मेरे द्वारा लिखाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। उपखण्ड अधिकारी शिविर प्रभारी एवं उपखण्ड अधिकारी श्रीडूंगरगढ	

Signature Not Verified

Digitally signed by Divya
Date: 2022.09.16 17:15:05 IST
Reason: SelfAttested